कुल्लू और मनाली के बीच फाइबर की केबलें बिछाना

868. श्री महेश्वर सिंह—क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मनाली के बीच फाइबर की केबलें बिछाने का कार्य आरंभ किया गया है ताकि मनाली को एस. टी. डी. सुविधा से जोड़ा जा सके और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है ;

(ख) क्या सरकार के पास इस बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि विभाग द्वारा बेतरतीब ढंग से कार्य करने और राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर की सतहों की खुदाई के कारण लोग अत्यधिक असुविधा का सामना कर रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने और अधिक विलम्ब किए बिना कार्य को पूरा करने के आदेश जारी किए हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम :

(क) जी हां । इसके मई, 1993 तक पूरा हो जाने की संभावना है ।

(ख) आप्टिकल फाइबर केबिल को 1.65 मीटर तक गहरा बिछाया जाता है । पहाड़ी क्षेत्रों में संकरे तथा टेढ़े-मेढ़े रास्तों तथा गहरी खुदाई के कारण, इससे निकली हुई मिट्टी सड़क पर फैल जाती है । जिससे जनता को कुछ असुविधा होती है और इससे बचा भी नहीं जा सकता । केबिल बिछाने के बाद, नाली को मिट्टी से भरने के सभी प्रयास किए जाते हैं । सड़क को पूरी तरह सक्षम करने के लिए राज्य के लोक निर्माण विभाग को आवश्यक भुगतान कर दिया गया है और इस मामले पर इनके साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है ।

(ग) केबिल बिछाने का कार्य पूरा करने के लिए मई, 1993 का लक्ष्य पहले ही निर्धारित किया जा चुका है ।

Post Offices at Basot in Almora and Kota

869. SHRIMATI VEENA VERMA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that residents of Basot have represented for opening a sub-post office at Basot in Almora;

(b) whether it is also a fact that they have also requested for opening of branch post office at Kota; and

(c) if so, by when a sub-post office at Basot and branch post office at Kota is likely to be opened.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (Shri Sukh Ram) : (a) Yes Sir. The proposal for upgradation of branch post office at Basot was examined, but not found justified according to norms.

(b) No request for opening a branch post office at Kota has been received.

(c) In view of reply to parts (a) and (b) above, the question does not arise.

टेलीफोन राजस्व की चोरी की जांच करने के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पर्यवेक्षण के अन्तर्गत विशेष कक्ष

870. श्री ईश दत्त यादव—क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीफोन राजस्व की चोरी के मामलों की जांच करने के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण के अन्तर्गत एक विशेष कक्ष स्थापित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस कक्ष द्वारा अब तक कितने मामलों की जांच की गई है; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो अब तक इसको स्थापित न किए जाने के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम :

(क) से (घ) तक चार महानगरों में केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों के अधीन छापे मारने, कदाचारों के मामलों का पता लगाने तथा राजस्व की हानि के मामलों की जांच करने के लिए सेल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है । इस प्रयोजनार्थ कार्मिक मंत्रालय से संपर्क किया गया